>

Title: Need to curb pollution in Indira Gandhi canal-laid.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): राजस्थान प्रदेश में पानी एक बड़ी समस्या है और बहुत ही सीमित मात्रा में इसकी उपलब्धता है । इंदिरा गाँधी नहर, जिसका पानी पंजाब, हरियाणा और राजस्थान प्रदेश को आवंटित होता है, में प्रदूषण बहुत ही खतरनाक स्तर पर पहुँच चुका है, जिसका मुख्य कारण पंजाब राज्य की औद्योगिक इकाइयों द्वारा केमिकल व अन्य प्रदूषित कचरा इंदिरा गाँधी नहर में प्रवाहित करना है । पंजाब से आ रहे बेहद प्रदूषित पानी का इस्तेमाल करने वाले लोग बड़ी संख्या में बीमार हो रहे हैं और पीलिया व कैंसर जैसे रोग में बढ़ोतरी हुई है । राजस्थान के हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर जिलों में इस प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर देखा जा रहा है । मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इंदिरा गाँधी नहर में प्रदूषण के स्तर को कम करने और इस जीवनदायिनी नहर के पानी को पीने योग्य बनाये रखने हेतु जरुरी कदम उठाये जाए ।